तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 महर्षि वाल्मीकि जयंती पर भाजपाइयों ने किया



12 वार्ड 26 में सामुदायिक भवन निर्माण का ....



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
27 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
9

आवश्यकता है

दवाई दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है।

लक्ष्मी मेडिकल हॉल

स्टेट बैंक के सामने रायपुर रोड-महासमुंद

3 पद

(वेतन योग्यतानुसार)
साक्षात्कार के लिए सीधे मेडिकल के पते पर संपर्क करें-

7000618072
7358519978

खबर संक्षेप

महुआ शराब बरामद

महासमुंद। ग्राम काशीपाली के एक घर से सरायपाली पुलिस ने 50 लीटर महुआ शराब बरामद कर एक महिला के खिलाफ कार्रवाई की है। काशीपाली की गायत्री बैरागी अपने घर के पीछे बाड़ी में अवैध रूप से हाथ भट्ठी महुआ शराब बिक्री के लिए रखी हुई थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने संदेही से पूछताछ की जिस पर उसने अपना नाम पता गायत्री बैरागी पति पूरन बैरागी (30 साल) काशीपाली होना बताया। तलाशी लेने पर संदेही के कब्जे से 50 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 10 हजार रुपए को बरामद किया गया।

आंगनबाड़ियों में आज लटकेंगे ताले, कार्यकर्ता-सहायिकाएं बताएंगी लंबित मांगें

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

लंबित मांगों को लेकर जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं सोमवार, 27 अक्टूबर को एक दिवसीय हड़ताल करेंगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संयुक्त मंच के बैनर तले आंदोलनरत महिला कर्मियां जिला मुख्यालय में कलेक्ट्रेट का घेराव कर सरकार के सामने अपनी मांगें रखेंगी।

इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सहित शासन के जिम्मेदारों के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा जाएगा। संयुक्त मंच का कहना है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं वर्षों से बच्चों के पोषण, गर्भवती महिलाओं की देखभाल तथा शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुंचाने की जिम्मेदारी निभा रही हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें नियमित कर्मचारी का दर्जा और सम्मानजनक मानदेय नहीं मिल पाया है। काम का बोझ लगातार बढ़ने के बावजूद सामाजिक सुरक्षा की पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिलने से महिला कर्मियों में नाराजगी है।

मंच की प्रमुख मांग है कि कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को नियमित किया जाए। नियमितीकरण होने तक कार्यकर्ताओं को 30 हजार रुपये और सहायिकाओं को 25 हजार 500 रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाए। इसके अलावा कार्यकर्ताओं को सुपरवाइजर तथा सहायिकाओं को कार्यकर्ता के पद पर सीधे पदोन्नति देने और पदोन्नति में उम्र की बाध्यता समाप्त करने की मांग की गई है।

एक दिवसीय आंदोलन में रहेंगे आंगनबाड़ी कर्मी, सुविधाओं की कमी से नाराजगी



सेवा के दौरान आकस्मिक मृत्यु होने पर अनुकंपा नियुक्ति

महिला कर्मियों ने समूह बीमा, पेंशन, ग्रेच्युटी और भविष्य निधि (पीएफ) जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई है। सेवा के दौरान आकस्मिक मृत्यु होने पर अनुकंपा नियुक्ति, सेवानिवृत्ति पर कार्यकर्ता को पांच लाख रुपये और सहायिका को तीन लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने तथा मध्यप्रदेश की तर्ज पर प्रतिवर्ष मानदेय में एक हजार रुपए की वृद्धि करने की मांग भी आंदोलन का हिस्सा है। संयुक्त मंच की ओर से सुधा रात्रे, सुलेखा शर्मा, भारती ठाकुर, सुशीला ठाकुर, विभा साव, अन्नपूर्णा वैष्णव, हाजरा खान, अंजू चंद्राकर, रूपा भारती, विमला सोनी, छाया हिरवानी, अहिल्या मरकाम, धनमती बघेल, सहित अन्य महिला पदाधिकारी आंदोलन में सक्रिय हैं। हड़ताल और कलेक्ट्रेट घेराव के माध्यम से मंच शासन का ध्यान लंबित मांगों की ओर आकर्षित करते हुए उनके निराकरण की मांग करेगा।

जांच : स्वास्थ्य के साथ किए जा रहे खिलवाड़ की शिकायत सही पाई गई

अस्पतालों, लैब और मेडिकल स्टोर्स में स्वास्थ्य विभाग ने दी औचक दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के बसना क्षेत्र में रोगियों के स्वास्थ्य के साथ निजी अस्पतालों, पैथॉलाजी लैब और मेडिकल स्टोर्स में सीएम पोर्टल में हुई शिकायत के आधार पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार औचक निरीक्षण किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएक सिंह के नेतृत्व में गठित जांच दल ने विभिन्न संस्थानों में नर्सिंग होम एक्ट एवं शासन के स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देशों के पालन की जांच की। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं, जिन पर संबंधित संस्थानों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। जांच दल में सीएमएचओ, सहायक नोडल अधिकारी (नर्सिंग होम एक्ट), खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) तथा जिला समन्वयक (आयुष्मान भारत) शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने अस्पताल परिसर एवं वार्डों में साफ-सफाई का उच्च स्तर बनाए रखने तथा चिकित्सकों की ड्यूटी रोस्टर के अनुसार 24×7 सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को मरीजों एवं उनके परिजनों के साथ संवेदनशीलता, विनम्रता और शालीनता से व्यवहार करने की हिदायत भी दी। ⏭शेष पेज 10 पर



निजी संस्थानों में मिलीं गंभीर अनियमितताएं

गोविंद अस्पताल, बसना: निरीक्षण के दौरान अस्पताल की प्रयोगशाला में लैब टेक्नीशियन अनुपस्थित मिले। प्रबंधन द्वारा भोजन अवकाश की जानकारी दिए जाने पर सीएमएचओ ने निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र मरीजों का नियमानुसार उपचार, आयुष्मान कार्ड निर्माण तथा योजना संबंधी जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा गया। बसना पैथोलॉजी लैब में निरीक्षण के दौरान लैब में कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं।

गांजा परिवहन के मामले में 10 वर्ष की सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गांजा परिवहन के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने एनडीपीएस एक्ट के धारा 20 (ख)(।।) (ग) के तहत उत्तर प्रदेश रायबरेली जिला के ग्राम खसपरी निवासी 38 वर्षीय पुनित पटेल पिता संगमलाल पटेल को 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 1 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही अदा करने पर एक वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा।

अभियोजन के अनुसार 28 अगस्त 2023 को सांकरा थाना को यह सूचना मुखबिर से मिली थी कि ओडिशा सोहेला की ओर से एक सफेद रंग की कार यूपी 67 एम 6363 पिथौरा की तरफ आ रही है जिसमें गांजा का संदेह है। सूचना पर पुलिस द्वारा एनएच 53 गुरुघासी चौक पहुंचकर नाकाबंदी किया गया। और मुखबिर द्वारा बताए गए वाहन के आने पर उसे रोककर पूछताछ की गई तो वाहन में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम पुनित पटेल बताते हुए गांजा होने की बात बताई। इस पर तलाशी ली गई तो कार के पीछे सीट सामने दरवाजा, पीछे दरवाजा बोनट में खाखी रंग से लिपटा हुआ 120 किग्रा अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। आरोपी को एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया और विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। निर्णय देते हुए न्यायाधीश ने कहा है कि नशे के इन कारोबारियों पर उदार दृष्टिकोण अपनाया जाना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता।

जब्तशुदा मादक पदार्थ की कुल मात्रा 120 किग्रा है। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक नूतन साहू ने पैरवी की।



खबर संक्षेप

रेवा मोंगरापाली में मारपीट, जुर्म दर्ज

महासमुंद। ग्राम रेवा मोंगरापाली में एक व्यक्ति के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध बागबाहरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को कांती लाल दीवान ने बताया कि 25 अक्टूबर की शाम 4:30 बजे उसके घर के सामने पिंटू निवासी भुतका पारा ओडिळा एवं भुनेश्वर निवासी सेवाती आए और तुम्हारा लड़का पप्पू कहां है बोलकर गाली गलौज कर हाथ में रखे लोहे के राड से सिर के बायें, आंख के ऊपर में जोर से मारा। जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

ठंडी बीयर नहीं मिलने पर शराब दुकान सेल्समैन के साथ मारपीट

महासमुंद। ठंडी बीयर नहीं मिलने पर शराब दुकान सेल्समैन के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है।
बसना पुलिस ने बताया कि 25 अक्टूबर की दोपहर करीब 2.30 बजे चनाट के कंपोजिट शराब दुकान के सेल्समैन कमलेश धृतलहरे पिता जीवन दास धृतलहरे (23 वर्ष) ग्राम बसना से ग्राम बिलखंड के विद्या सागर, विजय भोई, सुरेंद्र चौहान एवं जगदीश चौहान ने बीयर मांगा, जब उसने बीयर दिया तो उक्त लोगों ने गरम बीयर बेच रहे हो कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351 (2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

कार की टक्कर से दो लोग घायल

महासमुंद। कलेक्ट्रेट के पास कार की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को हथखोज निवासी कृषकुमार साहू ने बताया कि वह मोटर सायकल क्रमांक सीजी 23 ए 2551 से अपने भाई पुष्पेंद्र साहू के साथ महासमुंद आया था, जब वे वापस अपने घर जा रहे थे, इसी दौरान रात्रि करीबन 09.15 बजे कलेक्ट्रेट के पास पीछे से आ रही कार वाहन क्रमांक सीजी 04 एचक्यू 8011 के चालक ने अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर सायकल को साइड से ठोकर मारकर एक्सीडेंट दिया जिससे वे दोनों जमीन पर गिर गए।

मोबाइल से मैसेज कर दो लाख रुपए की मांग, वाहन में तोड़फोड़

महासमुंद। मोबाइल से मैसेज कर दो लाख रुपए की मांग करने की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध थाना बसना में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी प्रेमसागर साहू पिता राजूलाल साहू, निवासी ग्राम सिरको तहसील पिथौरा, थाना बसना को 19 अक्टूबर की रात्रि गांव के अनावेदक गजानंद साहू पिता शोभित साहू द्वारा अपने मोबाइल से मैसेज कर दो लाख रुपए की अवैध मांग करते हुए गाली-गलौज और साथ ही किसी वीडियो को वायरल करने की धमकी दी गई। प्रार्थी ने अपने आवेदन में पुलिस को बताया कि गजानंद साहू पिता शोभित साहू द्वारा केवल उसके साथ ही नहीं, बल्कि उसके पिता एवं हमारे ग्राम सिरको के अन्य ग्रामीणों के साथ भी लगातार ऐसी ही घटना की गई है। 06/10/2026 व 07/10/2026 को अभिमन्यु सोई पिता गोकुल सोई के घर व खेत में जाकर 5, 000 रुपए की मांग कर गाली-गलौज व धमकी दी गई। 10/10/2026 को उसके पिता राजूलाल साहू पिता बालमुकुंद साहू को फोन करके व घर आकर 5, 000 रुपए और दोबारा फोन कर 3, 000 रुपए की मांग करते हुए गाली-गलौज व धमकी दी गई। 19/10/2026 की रात स्वरूप प्रधान पिता राधेश्याम प्रधान को फोन कर अभद्र व्यवहार किया और फोन काटकर उनके नंबर पर 30 से 32 धमकी भरे मैसेज भेजे। इसके अतिरिक्त राजू साहू से 50, 000 रुपए की मांग कर 5, 000 रुपए ले लिया तथा प्रेमदास के साथ गाली-गलौज किया। 24/10/2026 की रात्रि 11:30 बजे उपेंद्र साहू पिता शंकर साहू के साथ गाली-गलौज कर उनका ट्रैक्टर जला देने की धमकी दी। वहीं आरोपी द्वारा नीलांबर पारेश्वर पिता मोतीलाल की दुकान के बाहर रखे टेबल-कुर्सी और मनोहर मुखर्जी पिता रामलाल मुखर्जी के वाहन क्रमांक सीजी 06 जीपी 0552 में तोड़फोड़ कर आर्थिक नुकसान पहुंचाया है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 308(2), 296, 351(2), 324 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

अमर्यादित बयान के खिलाफ दिखा कार्यकर्ताओं मे आक्रोश

पीएम के खिलाफ खड़गे की कथित टिप्पणी के खिलाफ भाजयुमो का प्रदर्शन, पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध में की गई कथित अभद्र एवं अमर्यादित बयानबाजी के विरोध में, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के मार्गदर्शन एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के निर्देशानुसार, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमन वर्मा के नेतृत्व में भाजयुमो शहर मंडल द्वारा नेहरू चौक में भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने गगन भेदी नारे के साथ कांग्रेस पीसीसी चीफ मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष एतराम साहू, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, रमेश साहू, सुधा साहू, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, अग्रज शर्मा, आनंद साहू, अजय चोपड़ा, राजेंद्र चंद्राकर, पार्षद हरबंस सिंग ढिल्लो, पप्पू ठाकुर, हाफिज कुरैशी, हनीश बग्गा, माखन पटेल, चंद्रशेखर बेलदार, पीयूष साहू, गोपी कन्नौजे, नंदू जलक्षत्री युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष आकाश पांडे, अभिषेक पांडे, लोकेश चंद्राकर, जिला मंत्री गीतिका सोनी, जिला मंत्री जतिन रुपरेला, कादर राजपूत, भाजयुमो शहर मंडल महामंत्री द्वय अमित साहू गौरव राठी, गोपाल प्रधान, अंकुश गौर, कुशल साहू, मनीष साहू, समसु खान, रोमी चंद्राकर, अभिनय रॉय सहित भारी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अमर्यादित बयान के विरोध में भाजपाइयों ने खड़गे का पुतला जलाया



पिथौरा। सोमवार को भाजपा युवा मोर्चा द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा की उपस्थिति में बार चौक में भाजपाईयों ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतला जलाया। पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा व सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला प्रभारी शंकर अग्रवाल ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता को लेकर की गई टिप्पणी की निंदा करते हुए कहा कि राजनीतिक हताशा में कांग्रेस अब भाषा की मर्यादा और संस्कारों की सीमाएं लांघ रही है। ऐसा अमर्यादित बयान कांग्रेस की गिरती राजनीतिक सोच और राजनीतिक दिवालियापन को उजागर करता है। भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि खड़गे ने सारी मर्यादाए तार तार कर दी है। बीते एक दशक से ज्यादा समय से लगातार मिल रही हार के कारण कांग्रेस में हताश इतनी बढ़ गई है कि कांग्रेस के पास अमर्यादित असभ्य भाषा बोलने मात्र की ही राजनीति बची है। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रियांशु दीक्षित व युवा मोर्चा महामंत्री पोलेश मिश्रा ने कहा कि जब नीतियों पर चर्चा करने का सामर्थ्य न बचे और जनता का विश्वास खोने लगे, तब व्यक्तिगत अपमान को राजनीति का हथियार बनाना कांग्रेस की परंपरा बन चुकी है। पुतला दहन के दौरान पूर्व प्रदेश भाजपा मंत्री शंकर अग्रवाल, मण्डल अध्यक्ष आशीष शर्मा, महामंत्री जतीन ठक्कर नगर पंचायत उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, वेद प्रकाश गोयल, प्रीतराम सूर्ये, विधायक प्रतिनिधि अनूप अग्रवाल, मण्डल मंत्री विजय राज पटेल, दुर्गेश सिन्हा, राजेश गोयल, महिला मोर्चा अध्यक्ष रामकुंवर सिन्हा, पुष्पकांत पटेल, सन्तोष डड़सेना, किशोर पटेल, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अनूप तांडी, किसान मोर्चा अध्यक्ष केशव पटेल, शिव पटेल, रामचरण साहू, नंदकिशोर साहू, गयाराम धीवर, रविराम सिन्हा, कन्हैया प्रधान, दीपक सिन्हा, सत्यनारायण पटेल, प्रतीक बोस, सोमनाथ यादव ओमकार नायक, आदेश कुमार, लव नायक, कुश नायक, हरिओम नायक, शिवम नायक, मनोज नायक, मोहित नायक, विनय नायक, विपिन नायक, सुनील नायक सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जिम की आड़ में गांजा का कारोबार मुंगेली से गिरफ्तार हुआ आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिम की आड़ में गांजा का कारोबार करने वाले आरोपी को जिले की पुलिस ने मुंगेली से गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपी की थाना कोमाखान के अपराध क्रमांक 129/26 व 141/26 धारा 20(बी)(II)(बी), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत दोनों मामले में संलिप्तता बताई गई है।

पुलिस ने बताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी, परिवहन तथा बिक्री एवं इंड टू इंड इन्वेस्टिगेशन, फायनेशियल इन्वेस्टिगेशन पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसके परिपालन में जिले में पुलिस के द्वारा लगातार चेकिंग कार्रवाई की जा रही है।

दिनांक 23.08.26 को थाना कोमाखान पुलिस को मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कोमाखान रेलवे स्टेशन के पास 03 व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर ट्रेन का इंतजार करते खड़े हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने 03 व्यक्तियों को पकड़ा, जिन्होंने पुछताछ में अपने-अपने नाम राहुल साहू पिता भोलाराम (25 साल) निवासी पौंसरी थाना पथरिया जिला मुंगेली, आयुष यादव पिता दुर्गा यादव (20 साल) निवासी पथरिया थाना पथरिया जिला मुंगेली एवं 01 विधि से संघर्षरत बालक होना बताए। उक्त मादक पदार्थ गांजा को रामपुर ओडिशा से पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) लेकर जाना बताये। आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 129/26 धारा 20(बी)(II)(बी) एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध किया गया।

इसी तरह 02.09.2026 को थाना कोमाखान पुलिस को मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि एन.एच 353 सुवरमाल चौक के पास एक महिला एवं पुरूष बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर बस का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर संहेदियों से पूछताछ की, जिस पर उन्होंने अपने नाम कामिनी खांडे पिता सदानंद खांडे (20 साल) निवासी हरदी थाना तखतपुर जिला बिलासपुर एवं साथ में एक विधि से संघर्षरत बालक होना बताए। उक्त मादक पदार्थ गांजा को जूनागढ़ (ओडिशा) से पथरिया जिला मुंगेली लेकर जाना बताये। आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 141/2026 धारा 20(बी)(II)(बी) 29 एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध किया गया।

इसके बाद पुलिस ने उक्त दोनों मामलों की विवेचना में इन्ड टू इन्ड कार्रवाई के दौरान उक्त दोनों प्रकरणों के आरोपियों के मेमोंरण्डम कथन के अनुसार उक्त गांजा को आरोपी प्रकाश सोनी उर्फ छोटू सुनील सोनी (28 साल) निवासी वार्ड 07 पथरिया जिला मुंगेली (छग) के लिए लेकर जाना बताये। विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा तकनीकी मदद से आरोपी का लोकेशन ज्ञात कर, ग्राम पथरिया (जिला मुंगेली) में दबिश दी गई, जहाँ पर पता चला कि आरोपी जिम संचालक है और जिम की आड़ मे नशे का कारोबार भी करता है। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।



शरद पूर्णिमा पर बरबसपुर में सुआ नृत्य महोत्सव में शामिल हुए तुषार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बरबसपुर में शरद पूर्णिमा पर आयोजित पारंपरिक सुआ नृत्य कार्यक्रम में अशवंत तुषार साहू ने विशेष रूप से सहभागिता की। उन्होंने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर पर्व की खुशियां साझा कीं तथा छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति और पारंपरिक विरासत से जुड़े इस आयोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम में अशवंत तुषार साहू की उपस्थिति से आयोजन का उत्साह और भी बढ़ा। उन्होंने ग्रामवासियों से आत्मीय मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और लोकपरंपराओं से जुड़े इस सांस्कृतिक आयोजन में सहभागिता निभाई। सुआ नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की गौरवशाली सांस्कृतिक पहचान जीवंत नजर आई।

अशवंत तुषार साहू ने अपनी सहभागिता के माध्यम से ग्रामीण संस्कृति, लोकपरंपराओं और सामाजिक एकजुटता के प्रति अपनी आत्मीयता प्रदर्शित की। ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने के साथ-साथ समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को भी मजबूत बनाते हैं।

भुरकोनी में आदिवासी महिला से मारपीट का आरोप, न्याय की मांग को लेकर एसपी कार्यालय पहुंचीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा



ग्राम भुरकोनी में सार्वजनिक बैठक के दौरान एक आदिवासी महिला के साथ कथित मारपीट और अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। पीड़िता यशोदा बाई भोई ने लखन सिन्हा पर बाल पकड़कर खींचने, साड़ी खींचने और जमीन पर घसीटने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है। मामले को लेकर सोमवार को बड़ी संख्या में महिलाएं पुलिस अधीक्षक कार्यालय महासमुंद पहुंचीं और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपकर न्याय की मांग की।

पीड़िता के अनुसार 25 अक्टूबर को ग्राम भुरकोनी के दुर्गा चौक में आयोजित सार्वजनिक बैठक के दौरान उनके साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया गया। आरोप है कि बाल और साड़ी पकड़कर खींचने के साथ उन्हें जमीन पर घसीटा गया। इस दौरान जातिसूचक गाली-गलौज किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। घटना का विरोध करने वाले ग्रामीणों के साथ भी मारपीट किए जाने की शिकायत सामने आई है।

आदिवासियों के प्रति ऐसा ही रवैया रहता है : सरपंच

ग्राम पंचायत भुरकोनी की सरपंच सरिता राज सिंह दीवान ने घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इन लोगों का हमेशा आदिवासियों के प्रति यही रवैया रहता है। आदिवासियों को कुछ नहीं समझते। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी लखन सिन्हा के बेटे द्वारा उनके खिलाफ गला काटकर फेंक देने की धमकी दी गई थी। सरपंच ने कहा कि आदिवासी समाज के लोगों के साथ इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

300 से अधिक ग्रामीण पहुंचे चौकी, महिलाओं ने एसपी कार्यालय में सौंपा आवेदन

घटना के विरोध में बड़ी संख्या में ग्रामीण पुलिस चौकी बुंदेली पहुंचे थे। ग्रामीणों के अनुसार, लगभग 300 से अधिक लोगों ने चौकी पहुंचकर घटना की जानकारी दी और शिकायत दर्ज कराई। सोमवार को पीड़िता सहित अन्य महिलाएं पुलिस अधीक्षक कार्यालय महासमुंद पहुंचीं। यहां अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई और पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की गई। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जाएं तथा उपलब्ध वीडियो और अन्य साक्ष्यों की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। साथ ही पीड़िता एवं शिकायतकर्ता ग्रामीणों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग भी की गई है।

एएसपी ने दिया सख्त कार्रवाई का आश्वासन

मामले को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कार्रवाई जरूर होगी। दोषियों के ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पीड़िता और ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन दिया।

घटना को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि आदिवासी समाज की महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा से जुड़े इस मामले में प्रशासन को गंभीरता से कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके। फिलहाल शिकायत में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि तथा पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई की आधिकारिक जानकारी सामने आना बाकी है।

गांजा उपलब्ध कराने वाला आरोपी ओडिशा से गिरफ्तार

महासमुंद। जिले की पुलिस ने गांजा उपलब्ध कराने वाले आरोपी को ओडिशा से गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध खल्लारी थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी तथा इंड टू इंड एवं फाइनेशियल इनवेस्टिगेशन, सोर्स प्वाइंट, डेस्टिनेशन प्वाइंट पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने के निर्देश पर खल्लारी थाने में दर्ज अप.क्र. 54/2025 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के मामले में गिरफ्तार आरोपी से संकलित जानकारी एवं जब्त मोबाइल के डाटा का तकनीकी विश्लेषण कर मामले में गांजा बेचने वाला (मुख्य सोर्स) तक पहुंच कर आरोपी सोहन माली पिता घनश्याम माली (22 साल) निवासी दुआक्षर थाना खरियार जिला नुआपाडा (ओडिशा) से गिरफ्तार करने मे पुलिस को सफलता मिली है। मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि 27/06/2025 को थाना खल्लारी पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर बागबाहरा की ओर से अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर आ रहे एक स्लेटी भूरे रंग की स्कूटी सीजी 04 क्यूसी 4491 को रोकने नाकाबंदी की गई थी, लेकिन संदेही दूर से पुलिस की नाकाबंदी को देख अपनी स्कूटी को वापस मोड़कर बागबाहरा की ओर भागा और ग्राम बीकेबाहरा के पास स्कूटी को रोड किनारे छोड़कर जंगल मे भाग गया था। पुलिस द्वारा स्कूटी की तलाशी लेने पर उसमें से कुल 10.470 किलो गांजा (कीमत 1, 57, 000 रुपये) को बरामद व जब्त कर, थाना खल्लारी में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने गांजा परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी के मालिक का पता लगाकर लिंक ढूंढते हुए गांजा परिवहनकर्ता देवराज कुम्हार पिता हरिंद्र कुम्हार (22 साल) दुआझर थाना राजा खरियार जिला नुआपाडा ओडिशा को गिरफ्तार किया।

आगामी 1 नवंबर की दिल्ली रैली और बूथ स्तर पर सत्यापन को लेकर बनाई गई रूपरेखा

वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार और छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में देशव्यापी 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के तृतीय चरण के तहत जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन महासमुंद में एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जिले के लिए नियुक्त आब्जर्वर, धुले लोकसभा क्षेत्र की सांसद डॉ. शोभा बच्छाव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। साथ ही, छत्तीसगढ़ के सह-प्रभारी विजय जांगिड़ तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी आब्जर्वर व पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी, महासमुंद के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने की तथा कार्यक्रम के उपरांत बैठक में उपस्थित सभी वरिष्ठ नेताओं, आब्जर्वरगणों तथा दूर-दराज से पहुंचे कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पूर्व पीसीसी प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

बैठक को संबोधित करते हुए आब्जर्वर व सांसद डॉ. शोभा बच्छाव ने 1 नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली राष्ट्रीय महारैली के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने संस्थागत कब्जे के खिलाफ राष्ट्र की एकजुट आवाज को बुलंद करने के लिए महासमुंद जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों और कार्यकर्ताओं को दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया। छतीसगढ़ के सह-प्रभारी विजय जांगिड़ ने 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के तृतीय चरण (25 अक्टूबर से 25 नवंबर) की रूपरेखा पर विस्तार से बात की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार कार्यकर्ताओं और बीएलए को बूथ स्तर पर जाकर घर-घर मतदाताओं का सत्यापन करना है, ताकि नाम काटने या हेरफेर जैसी 'वोट चोरी' की साजिशों को पकड़ा और रोका जा सके।

पीसीसी आब्जर्वर व पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी से उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है, उसके तहत वे महासमुंद जिले में ₹वोट बचाओ-देश बचाओ₹ अभियान को पूरी तरह सफलतापूर्वक क्रियान्वित करवाएंगे और इस अभियान के उद्देश्य को पूरा करने में अपना पूर्ण योगदान देने हेतु तैयार बैठे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि महासमुंद जिले में ₹वोट बचाओ-देश बचाओ₹ अभियान सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं राष्ट्रीय नेतृत्व के हर निर्देश का महासमुंद जिले का एक-एक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ पालन करता है। बैठक में प्रमुख रूप से अमरजीत चावला, विनोद चंद्राकर, डॉ रश्मि चंद्राकर, आलोक चंद्राकर, लक्ष्मण पटेल, हरदेव ढिल्लों, केशव चंद्राकर, संजय शर्मा, महेंद्र चंद्राकर, गुरमीत चावला, सेवनलाल चंद्राकर, गणेश शर्मा, दाऊलाल चंद्राकर, समीम खान, विजय बंजारे, नरेंद्र सेन, भरत ठाकुर, जसबीर ढिल्लों, हार्दिक सोना, खिलावन बघेल, कृष्णा चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, अन्नू चंद्राकर, निर्मल जैन, अमर चंद्राकर, नितेंद्र बैनर्जी, लखबीर छाबड़ा, खेमराज सिन्हा, हीरा बंजारे, ढेलू निषाद, हुलास गिरि गोस्वामी, मंजीत सलूजा, लक्ष्मी देवांगन, राशि महिलांग, तबरेज खान, गिरीश पटेल, प्रवीण चंद्राकर, मोक्ष प्रधान, राजू साहू, टोमन कागजी, सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, गोपी पाटकर, अरिन चंद्राकर, कपिल साहू, काशीराम शर्मा, राजेश सिन्हा, हरिशंकर यादव, अशोक अग्रवाल, भोलेनाथ गंधर्व, देवराज ठाकुर, किशोर सोनवानी, लहरी ठाकुर, अंजोर ठाकुर, तुलसी देवादास, पुरूषोत्तम दास सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

पेज 9 का शेष...

अस्पतालों, लैब और मेडिकल...

उल्लेखनीय है कि इस लैब के विरुद्ध पूर्व में भी सील करने की कार्रवाई की जा चुकी है। जांच में पाया गया कि योग्य पैथोलॉजिस्ट की अनुपस्थिति में जांचें की जा रही थीं तथा लैब को प्राप्त अनुमति के दायरे से बाहर की जांचें भी संचालित की जा रही थीं। इसके अतिरिक्त, लैब में तीन ऐसे कर्मी कार्यरत मिले, जो राज्य के अन्य संस्थानों में नियमित रूप से अध्ययनरत हैं। इन अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए सीएमएचओ ने लैब संचालक को व्यवस्थाओं में सुधार करने तथा निर्धारित समय-सीमा में जवाब प्रस्तुत करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निर्धारित समय-सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। अवलेडी अस्पताल के निरीक्षण के दौरान ऑपरेशन थिएटर संचालित मिला तथा प्रसव के बाद कई महिलाएं भर्ती थीं। मौके पर केवल एक बीएचएमएस चिकित्सक उपस्थित मिले। जांच दल के अनुसार, चिकित्सकीय निगरानी एवं आवश्यक दस्तावेजी अनुमोदन के बिना रक्त चढ़ाने, नर्सिंग स्टाफ द्वारा स्वयं को चिकित्सक के रूप में प्रस्तुत करने तथा प्रसव एवं आपातकालीन सेवाओं में निर्धारित प्रोटोकॉल के उल्लंघन जैसी गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। दवाओं के उपयोग में भी शासन के दिशा-निर्देशों के उल्लंघन की जानकारी सामने आई। अस्पताल प्रबंधन के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साव मेडिकल, बंसुला में मेडिकल स्टोर की आड़ में अनधिकृत रूप से मरीजों का उपचार किए जाने की शिकायत पर जांच की गई। निरीक्षण के दौरान कोई मरीज उपचाररत नहीं मिला, लेकिन दुकान में खुले इंजेक्शन, सिरिंज एवं अन्य चिकित्सीय सामग्री पाई गई। इस संबंध में संचालक से जवाब तलब करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। सीएमएचओ ने कहा कि आमजन के स्वास्थ्य एवं जीवन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी निजी अस्पतालों, पैथोलॉजी लैबों एवं मेडिकल स्टोरों के लिए निर्धारित नियमों, पंजीयन की शर्तों तथा स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्य है। संबंधित संस्थानों को निर्धारित समय-सीमा में जवाब प्रस्तुत करने एवं पाई गई अनियमितताओं में सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने अथवा अनियमितताएं जारी रहने पर नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई होगी।

खबर संक्षेप

आध्यात्मिक सत्संग हुआ, जिले की नई कार्यकारिणी गठन भी

महासमुंद। मानव उत्थान सेवा समिति के प्रवर्तक सतपाल महाराज के शिष्य दिवाकरानंद के सानिध्य में महासमुंद के हिमालय पार्क स्थित आश्रम में आध्यात्मिक सत्संग प्रवचन कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में सभी धर्म ग्रंथों के आधार पर आध्यात्मिक ज्ञान और विज्ञान के समन्वय को बहुत ही सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से प्रांत प्रभारी डॉ. पीएल तारक, रायपुर से सह प्रांत प्रभारी रोहित कुमार नायक एवं भिलाई से आए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं सहित संस्था व मानव सेवा दल के प्रदेश व जिला स्तरीय पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान टोली नायक धर्म निषाद, मन्नू लाल साहू, मेघराज सिन्हा, अश्वनी साहू, कुलेश्वरी साहू एवं सक्रिय कार्यकर्ता टीकाराम निषाद, जवाहर साहू, मन्नू यादव, चंद्रभान साहू, कमला रौतिया आदि मौजूद रहे। जिला महासमुंद के लिए नई नियुक्तियों की घोषणा की गई, जिसमें विष्णु साहू को जिला प्रधान, सुरेश कुमार मार्कंडेय को जिला सचिव, मनकुराम रौतिया को मीडिया प्रभारी और चैतू राम निषाद को लेखाकार की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही तहसील स्तर पर संगठन का विस्तार करते हुए संतोष निषाद को तहसील सचिव, हेमंत सोनवानी को बागबाहरा तहसील सचिव तथा अंजोर दीवान को पिथौरा तहसील सचिव नियुक्त किया गया।

राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट अंडर-17 में रायपुर संभाग की टीम के लिए चार खिलाड़ियों का चयन

महासमुंद। राजनांदगांव में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026-27 के अंतर्गत रायपुर संभाग की बालक अंडर-17 क्रिकेट टीम में शिवाय क्रिकेट अकादमी के चार लिड़ियों का चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता 26 से 29 अक्टूबर 2026 तक राजनांदगांव में आयोजित की जा रही है। चयनित खिलाड़ियों में विधान तिवारी, संकल्प रात्रे, हेमराज साहू एवं गुणज बिंझेकर शामिल हैं। चारों खिलाड़ियों के चयन से अकादमी परिवार एवं जिले के खेल प्रेमियों में हर्ष का माहौल है। मुख्य प्रशिक्षक तृपेश कुमार साहू (क्रिकेट कोच) ने बताया कि खिलाड़ियों ने नियमित अभ्यास, अनुशासन और कड़ी मेहनत के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी खिलाड़ी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर रायपुर संभाग एवं महासमुंद जिले का नाम रोशन करेंगे।

आयोजन : त्रिमूर्ति कॉलोनी के बगीचे में चंदन, रूद्राक्ष एवं सेम के पौधे रोपे

लायंस पदाधिकारियों की अधिकारीक यात्रा नवजात शिशुओं के लिए बेबी किट का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233 सी रीजन II की चेयर पर्सन लायन रेनु गुप्ता एवं रीजन II जोन 4 की चेयन पर्सन लायन मीनाक्षी भार्गव द्वारा लायंस क्लब महासमुंद की अधिकारिक यात्रा शनिवार 24 अक्टूबर को हुई। इस अवसर पर रीजन की सचिव लायन चंद्रकांता ओसवाल भी साथ में पधारीं थी।

सर्वप्रथम शासकीय जिला चिकित्सालय में अतिथियों के सौजन्य से महासमुंद के लायन साथियों के साथ महासमुंद के 40 नवजात शिशुओं के लिए उनकी माताओं को बेबी किट का वितरण किया गया। इसके बाद लायन अतिथियों को त्रिमूर्ति कॉलोनी के बगीचे में पौधारोपण हेतु ले जाया गया, जहां पर चंदन, रूद्राक्ष एवं सेम के ट्री गार्ड सहित 5 पौधे लगाए गए। ट्री गार्ड में संबंधित अतिथियों के नाम की पट्टिका भी लगाई गई। इस अवसर पर त्रिमूर्ति कॉलोनी के रहवासी, लायंस क्लब महासमुंद के पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित थे। पौधारोपण कार्यक्रम के बाद त्रिमूर्ति कॉलोनी के पूर्व अध्यक्ष एवं समाजसेवी दाऊलाल चंद्राकर द्वारा लायंस गतिविधियों की सराहना करते हुए इस बात के लिए प्रसन्नता व्यक्त की गई कि लायंस क्लब ने पौधारोपण हेतु त्रिमूर्ति गार्डन का चयन कर कॉलोनी वासियों को पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता का संदेश दिया है। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि लायंस क्लब की प्रेरणा से अब कॉलोनी वासी गार्डन के समुचित विकास एवं व्यवस्थापन में अपना पूरा योगदान देगें। वृक्षारोपण के बाद होटल अकाशिया में क्लब की साधारण सभा आयोजित की गई थी। सर्वप्रथम अध्यक्ष द्वारा सभा प्रारंभ की औपचारिक घोषणा के बाद लायन नुकेश चंद्राकर द्वारा ध्वज वंदन एवं विश्व शांति के लिए 1 मिनट का मौन कराया गया। अध्यक्ष लायन पारस चोपड़ा द्वारा स्वागत भाषण में लायंस क्लब के इतिहास की जानकारी देते हुए विगत जनवरी में पुर्नस्थापित लायंस क्लब महासमुंद द्वारा विगत 10 माह में किए गए सेवा कार्यों की जानकारी दी गई। रायपुर से पधारे लायन अतिथियों एवं स्थानीय सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति पर हर्ष व्यक्त करते हुए समस्त का अभिनंदन किया गया। रीजन चेयर पर्सन लायन रेनू गुप्ता ने लायंस क्लब महासमुंद द्वारा की गई सेवा गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि अल्पावधि में महासमुंद ने जो अद्भुत सेवा की है वह उल्लेखनीय है और आपसे अनुरोध करती हूँ कि तन मन धन से जुड़कर मानव समाज की अधिकाधिक सेवा करें, यही लायनवाद है। चेयन पर्सन लायन मीनाक्षी गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि पर पीड़ा की अनुभूति ही लायनवाद है। एक जरूरतमंद व्यक्ति की पीड़ा से स्वयं पीड़ति होकर जो व्यक्ति सेवा के लिए तत्पर होता है वही सच्चा लायन है। महासमुंद क्लब नया नहीं बल्कि बहुत पुराना और सशक्त क्लब है, मेरी शुभकामनाएं है कि यह क्लब शीघ्र ही अपने पुराने गौरव को हासिल करें।

रीजन की सचिव लायन चंद्रकांता ओसवाल ने कहा कि लायंस क्लब दुनिया का सबसे बड़ा सेवा संगठन है, जिससे जुड़कर प्रत्येक व्यक्ति को गर्व होना चाहिए। महासमुंद क्लब को अपनी सदस्य संख्या बढ़ाने का आव्हान करते हुए उन्होंने आग्रह भी किया चूंकि महिलाओं में सेवा भावना अपेक्षाकृत ज्यादा होती है, इसलिए महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में लायन बनाना चाहिए। अन्त में उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पौधरोपण तो हम लोग बहुत करते हैं लकिन आज पौधों के साथ हमारे नाम की पट्टिका लगाए जाने से हम लोगों को अत्मिक प्रसन्नता हुई। अंत में लायन अतिथियों को महासमुंद क्लब द्वारा स्मृति चिन्ह दिया गया। सभा का आर्कषक ढंग से संचालन दर्शिका गोलछा एवं अनुश चोपड़ा ने किया। लायन शंकर पांडे ने आभार व्यक्त किया। राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ। कार्यक्रम में लायन मूलचंद लढ्ढा, लायन नासिर अली, लायन बंटी चावला, लायन राजा चोपड़ा, लायन गुमान जैन, लायन, सलीम कुरैशी, लायन अवतार सिंह, लायन तारेन चंद्राकर, लायन ताराचंद चांडक, लायन मुकेशकांत, लायन संजय वासवानी, लायन, लायन संजय शर्मा, लायन प्रीतक बाजपेयी एवं लायंस परिवार की महिलाएँ उपस्थित थी।

विभागीय छात्र परिषद का गठन के साथ हुआ स्वागत कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय एमए राजनीति विज्ञान विभाग के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का विभागीय छात्र परिषद का गठन एवं प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का स्वागत कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. डॉ. रीता पांडेय, डॉ. मालती तिवारी विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान, सहायक प्राध्यापक केशर चन्द्र बनपाल, अतिथि व्याख्याता विजय कुमार मिर्चे मौजूद रहे। सरस्वती वंदना जागृति साहू एवं प्रभा ध्रुव तृतीय सेमेस्टर ने किया। राजनीति विज्ञान परिषद के पदाधिकारियों का मनोनयन व शपथ प्राचार्य के मुख से किया गया। जिसमें अध्यक्ष दिलेश चेलक तृतीय सेमेस्टर, उपाध्यक्ष तब्बू ध्रुव प्रथम सेमेस्टर, सचिव जागृति साहू तृतीय सेमेस्टर, सहसचिव भूमिका चंद्राकर प्रथम सेमेस्टर, कोषाध्यक्ष प्रभा ध्रुव तृतीय सेमेस्टर, मीडिया प्रभारी पोखन साहू प्रथम सेमेस्टर, सांस्कृतिक प्रभारी दिनेश कुमार साहू प्रथम सेमेस्टर। मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए प्रो. डॉ रीता पांडेय ने छात्र-छात्राओं तथा नवमनोनीत राजनीति विज्ञान परिषद के पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए निरंतर आगे बढ़ने प्रेरित करते। डॉ.मालती तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय की राजनीति विज्ञान विभाग छात्र-छात्राएं के चहुमुखी विकास करने कृत संकल्पित है। कक्षाएँ नियमित रूप से संचालित है, जिसमें ज्यादा से ज्यादा छात्र छात्राएँ उपस्थिति सुनिश्चित करें। साथ ही परिषद का उद्देश्य बतायें और कहा कि इससे छात्र-छात्राओं में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। आपस में सामंजस्य बना कर लक्ष्यों की पूर्ति में लग जाए। विधार्थी समय का महत्व को समझे और इसका पालन करें।क्योंकि समय अपने निर्धारित गति में निरंतर चलायें मान है जो किसी के लिये नहीं रुकत। परिषद गठन के लिए तृतीय सेमेस्टर से दुष्यंत झारे, शालिनी कोशले, सरिता साहू, इशिका, भामिनी, प्रज्ञा चंद्राकर तथा प्रथम सेमेस्टर शगुफ़्ता, सुमन, विकास सिन्हा, टेमेंद्र, हर्ष ध्रुव, चिनेश्वरी इत्यादि छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

फुलझरराज सरायपाली में हुई जिला स्तरीय मरार पटेल समाज की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

फुलझर राज सरायपाली स्थित मरार पटेल समाज के सामाजिक भवन में जिला स्तरीय मरार पटेल समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां शांकभरी देवी के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चना कर किया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के शांकभरी बोर्ड अध्यक्ष राजेंद्र नायक पटेल उपस्थित रहे। अध्यक्षता मरार पटेल समाज के जिलाध्यक्ष पवन पटेल ने की। समाज द्वारा अतिथियों का स्वागत फूल माला एवं गुलाल से किया। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजेंद्र नायक पटेल ने उपस्थित समाजजनों को प्रेरित करते हुए कहा कि किसान व समाज के लोग उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे सब्जी बीज, सप्रिंकलर और ड्रिप सिंचाई आदि का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु कहा गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पवन पटेल ने भी समाज को संबोधित कर सामाजिक एकजुटता और कल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में समाजिक मुद्दे के अलावा अनेक विषय पर चर्चा परिचर्चा हुई। इस दौरान समाज के तमाम पदाधिकारी जिलाध्यक्ष पवन पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष अनंतराम पटेल, रमेश पटेल, महासचिव मालिकराम पटेल, कोषाध्यक्ष लोकेश पटेल, संयोजक लोचन राम पटेल, संरक्षक संतराम पटेल, प्रहलाद पटेल, अध्यक्ष फुलझर राज पुरुषोत्तम पटेल, अध्यक्ष नर्रा राज गेंदराम पटेल समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

श्रमिकों और बच्चों के बीच हुलसी ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी की 'मन की बात'

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जनपद पंचायत उपाध्यक्ष एवं जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने श्रमिक भाई-बहनों एवं उनके नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' के 139वें प्रसारण को सुना। चंद्राकर ने श्रमिक परिवारों के बीच बैठकर प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी विचारों और देशहित से जुड़े संदेशों को सुना।

प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास' के भाव को आत्मसात करते हुए वे निरंतर जनसेवा के माध्यम से लोगों से जुड़ने और उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास करती रहेंगी।

तीन शिक्षकों को मिला समाज दीप रत्न सम्मान


हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, रचनात्मक गतिविधियों एवं समाज निर्माण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शासन द्वारा पंजीकृत संस्था शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ (समग्र विकास मंच) द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। 26 अक्टूबर 2026, सोमवार को आयोजित इस समारोह में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से चयनित उत्कृष्ट शिक्षकों को उनके नवाचारी शैक्षणिक कार्यों, शिक्षण के प्रति समर्पण तथा सामाजिक योगदान के लिए 'समाज दीप रत्न सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग रहे। अध्यक्षता मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण ने की। अतिविशिष्ट अतिथि देवेंद्र यादव विधायक भिलाई नगर रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों में सतीश साहू विधायक प्रतिनिधि अहिवारा विधानसभा, उपेंद्र गुप्ता समाजसेवी रायपुर तथा जागेश्वरी मेश्राम छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेत्री लोककलाकार एवं समाजसेविका की उपस्थिति रही। इस राज्य स्तरीय समारोह में महासमुंद ब्लॉक के शिक्षकों को 'समाज दीप रत्न सम्मान 2026' प्रदान किया गया। सम्मानित शिक्षकों को अतिथियों के करकमलों से मोमेंटो, शाल एवं प्रमाण-पत्र भेंटकर उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। महासमुंद जिले के सम्मानित शिक्षकों में जितेंद्र कुमार साहू शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव, विनय कुमार यादव शासकीय प्राथमिक शाला कुहरी एवं संदीप कुमार साहू शासकीय प्राथमिक शाला केशवा शामिल रहे। इस उपलब्धि पर आशीष साहू, नीरज साहू, अशोक साहू, सिराज,बख्श, संगीता रात्रे, सालिक राम सेन, नीलम गोस्वामी, द्वारिका, मनोहर, कैलाश, भोज,कुमार साहेब, शिव ध्रुव, मदन, संगम, बलराम नेताम आदि ने हर्ष जताया है।

!! जीवन की डगर !!



छोटी-लम्बी, चौड़ी-सकरी पगडंडी
कंटक, कीचड़, उबड़-खाबड़, पर्वत मैदान का
दृश्य झलकाती
नदियों का प्रवाह देती चलने का संदेश
झरने जल प्रपात गिरकर सम्हलने का
डगर को निहारने का
सुख-दुख, करूणा, प्रेम त्याग सेवा का
मंथन की जगह होती, तालाब, सरोवर, झील
शान्त स्थिर का
भावनाओं की तरंगे हिलोरे लेता
विलग करती अपना-पराया, द्वेष घृणा, स्वार्थ
टूट जाता है प्रेम का बन्धन
खत्म हो जाते परिवार और रिश्ते नाते
चाँदी के चन्द खनक के आगे
बन जाते एक-दूसरे के खून के प्यासे
होता संघर्ष, बीच भंवर में पड़ा,
आहत होता अन्तर्मन।
कृतन्घ्रता के प्रहार से,
तार-तार हो रहा निर्मलमन।

रचनाकारः-
स्व. श्री भागवत प्रसाद साहू जी
(सेवानिवृत्त प्रधान पाठक)

शोक - संदेश

शहर के बीटीआई रोड निवासी साहित्यकार एवं सेवानिवृत्त प्रधान पाठक **श्री भागवत प्रसाद साहू जी** का 22 अक्टूबर, 2026 को राजधानी स्थित एक हॉस्पिटल में आकस्मिक निधन हो गया। वे 82 वर्ष के थे। अंतिम संस्कार का कार्यक्रम उनकी इच्छानुसार 23 अक्टूबर 2026, शुक्रवार को गृह ग्राम बरोंडा बाजार एवं तिजनाहवन का कार्यक्रम 25 अक्टूबर 2026 को बीटीआई रोड निवास महासमुंद में संपन्न हुआ। वे पूर्व माध्यमिक शाला बम्हनी से सेवानिवृत्त हुए, जिसके बाद वे आम जनमानस के बीच साहित्यकार एवं विचारक के तौर पर विख्यात रहे। उनके द्वारा लिखित विभिन्न कृतियाँ लोगों के लिए प्रेरणास्पद रहीं।

वे **श्रीमती श्यामा बाई साहू** के पति, **प्रसाद मार्केटिंग एवं प्रसाद इलेक्ट्रॉनिक्स** के संचालक हेमंत प्रसाद साहू, टेकेश्वर प्रसाद साहू के पिता व खुमेन्द्र साहू, डॉ. भाविका साहू व तृषा साहू के दादा जी थे।

खबर संक्षेप



पार्षद कार्यालय में शिविर लगाकर किया इलाज

बागबाहरा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत वार्ड -12 तेंदूलोथा पार्षद कार्यालय में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पार्षदो के साथ साथ आमजन ने भी शिविर में उपस्थित होकर चेक कराये व आयुर्वेदिक दवाई भी उपलब्ध कराया गया। शिविर में डॉ प्रतिभा राठौर, एमपीडब्लू खिलेंद्र साव, मितानिन लक्ष्मी ध्रुव, वार्ड पार्षद श्यामा लोकू चंद्राकर उपस्थित रहे। वही इलाज डॉक्टर प्रतिभा राठौर द्वारा किया गया तथा डॉक्टर के द्वारा बताया गया कि समय समय पर यह शिविर शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रो में भी किया जा रहा है। वही पार्षद श्यामा चंद्राकर ने बताया कि यह शिविर समय समय पर हमारे वार्ड में भी लगाया जा रहा है तथा शहरवासियों को इसका लाभ लेने हेतु अपील भी की।



बीएड की फीस जमा करने के लिए 15 हजार का दिया आर्थिक सहयोग

महासमुंद। सतनामी समाज के अधिकारी कर्मचारियों के सहयोग से प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा संचालित पे बेक सोसायटी के माध्यम से काजल कुर्रे पिता राजकुमार कुर्रे खरोरा निवासी को बीएड की एडमिशन फीस राशि जमा करने के लिए 15 हजार रुपए की चेक देकर सहयोग किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश सहसचिव दिनेश बंजारे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एस आर बंजारे, जिलाध्यक्ष विजय बंजारे, जिला उपाध्यक्षद्वय के सोनटके एवं नूतन कुर्रे, जिला सचिव रेखराम बघेल, जिला कार्यकारिणी सदस्य रामकुमार गायकवाड, पवन घृतलहरे, संघर्ष समिति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष चमन कुर्रे, शहर अध्यक्ष राजेश मार्कंडेय व सतनाम संस्कृति के प्रचारक दिनेश मिर्चे व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने काजल कुर्रे को मन लगाकर पढ़ाई करने व प्रतियोगी परीक्षा तैयारी करने के लिए प्रेरित किया।



महर्षि वाल्मीकि जयंती पर की पूजा अर्चना

महासमुंद। ग्राम खरोरा के राममंदिर में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर पूजा अर्चना की गई। महर्षि वाल्मीकि को रामायण की रचनाकार महर्षि वाल्मीकि को आदिकवि के नाम से भी जाना जाता है। उनकी जयंती पर श्रद्धालु ने पूजा-पाठ करते हैं और सुखी जीवन की मंगलकामनाओं के लिए प्रार्थना करते हैं. इस दिन रामायण का पाठ करने का भी विशेष महत्वपूर्ण होते है। वाल्मीकि जयंती 26 अक्टूबर को मनाई गई।

8 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

महासमुंद। प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत 2 मृतकों के निकटतम वारिसान के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर बागबाहरा विखं अंतर्गत ग्राम तुबकबोरा की मृतका नंदनी दीवान के पिता चितरंजन दीवान एवं आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने पर ग्राम खल्लारी के मृतक नवीन सोनवानी के पिता पुरुषोत्तम लाल सोनवानी के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

चयन : रविशंकर शुक्ल विवि की टीम में स्थान बनाकर बढ़ाया गौरव

कबड्डी के 4 एवं हैंडबॉल के 1 खिलाड़ी का पूर्वी क्षेत्र अंतर विवि प्रतियोगिता के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



खेल जगत में अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए शासकीय खेमराज लक्ष्मीचंद कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, बागबाहरा के पांच खिलाड़ियों ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। महाविद्यालय के कबड्डी के चार खिलाड़ी हरीश ठाकुर, गोपाल, भूषण साहू एवं वीरेंद्र(तीनों बीए तृतीय सेमेस्टर के छात्र) तथा हैंडबॉल के खिलाड़ी मिथलेश कुमार का चयन पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर की टीम में हुआ है।

इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिवार सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष एवं उत्साह का माहौल है। यह सफलता खिलाड़ियों के कठिन परिश्रम, नियमित अभ्यास, अनुशासन, खेल के प्रति समर्पण तथा महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग के प्रयासों का परिणाम है। विश्वविद्यालय की टीम में स्थान बनाना किसी भी खिलाड़ी के लिए गर्व की बात है। पांच खिलाड़ियों का इस स्तर तक पहुंचना महाविद्यालय की खेल प्रतिभा और खेल गतिविधियों को मिल रहे प्रोत्साहन को दर्शाता है।

कबड्डी में चार खिलाड़ियों ने बढ़ाया मान

कबड्डी के क्षेत्र में हरीश ठाकुर, गोपाल, भूषण साहू एवं वीरेंद्र ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, शारीरिक क्षमता, फुर्ती, रणनीति एवं टीम भावना के दम पर विश्वविद्यालय की टीम में जगह बनाई है। अब ये खिलाड़ी 18 से 21 नवंबर को जौनपुर (उत्तर प्रदेश) में आयोजित होने वाले पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय कबड्डी पुरुष प्रतियोगिता में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन खिलाड़ियों का चयन महाविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। उनकी सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढ़ने और उच्च स्तर पर अपनी पहचान बनाने की प्रेरणा मिलेगी।

महज दो वर्षों के अभ्यास से हैंडबॉल में बड़ी उपलब्धि

इस उपलब्धि का सबसे प्रेरणादायक पहलू महाविद्यालय में हैंडबॉल खेल का विकास है। महज दो वर्ष पूर्व हैंडबॉल का अभ्यास शुरू कर पहली बार सेक्टर स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीम तैयार की गई थी। इतने कम समय में अभ्यास एवं खेल गतिविधियों को आगे बढ़ाते हुए महाविद्यालय के खिलाड़ी मिथलेश कुमार का पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए विश्वविद्यालय की टीम में चयन होना विशेष उपलब्धि है।अब ये खिलाड़ी 02 से 06 नवंबर को वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में आयोजित होने वाले पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय हैंडबॉल पुरुष प्रतियोगिता में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। इससे पूर्व भी दो महिला खिलाड़ी ने इसी खेल में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय टीम में अपनी जगह बनाए थे। यह सफलता बताती है कि यदि विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन, नियमित अभ्यास, उचित अवसर और प्रोत्साहन मिले, तो सीमित समय में भी उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। हैंडबॉल में मिली यह सफलता महाविद्यालय के क्रीड़ा विकास के लिए एक सकारात्मक संकेत है और आने वाले समय में अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। खिलाड़ियों के चयन पर महाविद्यालय के प्राचार्य शिवगोपाल रात्रे ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, संघर्षशीलता एवं सामूहिक भावना का विकास करते हैं। महाविद्यालय के खिलाड़ियों का विश्वविद्यालय की टीम में चयन होना सभी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि चयनित खिलाड़ी पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पंडित रविशंकर शुक्ल विवि, रायपुर के साथ-साथ महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को मिला मंच

बागबाहरा जैसे अंचल के महाविद्यालय के पांच खिलाड़ियों का विश्वविद्यालय स्तर की टीम में चयन इस बात का प्रमाण है कि प्रतिभा किसी बड़े शहर या संस्थान की मोहताज नहीं होती। सही दिशा, मेहनत और अवसर मिलने पर ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी भी उच्च स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में अपनी पहचान स्थापित कर सकते हैं। यह उपलब्धि महाविद्यालय के विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करेगी। विशेष रूप से हैंडबॉल में दो वर्षों के भीतर मिली सफलता यह संदेश देती है कि निरंतर अभ्यास एवं सकारात्मक प्रयासों से खेल के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं।

जर्जर मॉडल आंगनबाड़ी भवन से बच्चों की जान को खतरा, नया भवन का शीघ्र निर्माण कार्य चालू करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

ग्राम पचरी में स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र के छत और दीवारों की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों के अनुसार, मॉडल आंगनबाड़ी भवन की दीवारें कई जगहों पर कमजोर होकर बाहर की ओर दरार पड़ गई हैं। छत में दरारें पड़ चुकी हैं और कई स्थानों पर सरिया दिखाई देने लगी है। बारिश होने पर छत से पानी टपकता है और जगह-जगह से खपरा और सीमेंट टूटकर नीचे गिरता रहता है।

ग्रामीणों का कहना है कि भवन की जर्जर स्थिति के कारण बच्चों और केंद्र के कर्मियों की सुरक्षा को लेकर हमेशा डर बना रहता है। कई अभिभावक अपने बच्चों को केंद्र भेजने से भी कतराने लगे हैं। उनका कहना है कि बच्चों को शिक्षा, पोषण और प्रारंभिक देखभाल उपलब्ध कराना जरूरी है, लेकिन इसके लिए उनकी सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने बताया कि मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों की समस्याओं को लेकर समय-समय पर जर्जर केंद्र की संबंधित विभाग, ग्राम पंचायत और अधिकारियों को उपलब्ध कराए जाने की बात भी कही जा रही है. इसके बावजूद मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति में अब तक सुधार नहीं हुआ है। ग्रामीणों की मानें तो भवन की बदहाली की जानकारी जिम्मेदार विभाग को कई बार दी गयी, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गयी है।

उनका कहना है कि प्रशासन को किसी बड़े हादसे का इंतजार है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने जर्जर भवन का तकनीकी निरीक्षण कराने, आवश्यक सुरक्षा उपाय करने और नए पक्के भवन के निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू करने की मांग की है. जब इसके बारे में ग्राम पंचायत पचरी के सचिव को दूरभाष के माध्यम जानकारी चाही तो उन्होंने बताया कि नया भवन निर्माण कार्य की राशि स्वीकृत हो चुकी है, और पहली किस्त करीब 6 महीना पहले आ चुकी है।

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय बैठक में कर्मचारियों की लंबित समस्याओं एवं मांगों पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय बैठक श्याम मंदिर अर्जुंदा सराईपाली में हुआ। बैठक में कर्मचारियों की विभिन्न लंबित समस्याओं, सेवा संबंधी मामलों, ग्रेड पे, पदोन्नति एवं पदस्थापना, न्यायालयीन प्रकरणों तथा संगठन की आगामी गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने कर्मचारियों के हितों की रक्षा, समस्याओं के निराकरण तथा संगठनात्मक एकजुटता को मजबूत बनाने पर जोर दिया। बैठक में विनय प्रधान जिलाध्यक्ष ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के योगदान की सराहना करते हुए जिला एवं ब्लॉक स्तर पर कर्मचारियों से प्राप्त समस्याओं तथा उनके निराकरण के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी दी। बैठक में जिला,ब्लॉक के पदाधिकारियों के साथ साथ भारी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी डिगेंद्र परमार ने दी है।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर भाजपाइयों ने किया माल्यार्पण, सामाजिक समरसता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल महासमुंद द्वारा महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर भाजपा नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन, आदर्शों और उनके महान योगदान का स्मरण करते हुए समाज में समरसता, समानता और भाईचारे को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता संदीप दीवान, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवी चंद्र राठी, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री अरविंद प्रहरे, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा एवं मीना वर्मा उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारतीय संस्कृति के महान ऋषि एवं रामायण के रचयिता हैं। उन्होंने अपने ज्ञान और विचारों से मानव समाज को सत्य, धर्म, मर्यादा और आदर्श जीवन का मार्ग दिखाया। उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में एकता, सद्भाव और सामाजिक समरसता को मजबूत किया जा सकता है। पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन ज्ञान, साधना और आत्मपरिवर्तन की प्रेरणादायक गाथा है। रामायण के माध्यम से उन्होंने संपूर्ण मानव समाज को त्याग, कर्तव्य, करुणा और मर्यादा का संदेश दिया। उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं। महापुरुषों की जयंती मनाने का उद्देश्य उनके विचारों को आत्मसात कर उन्हें जन-जन तक पहुंचाना है। मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका ने अपने उद्बोधन में कहा कि महर्षि वाल्मीकि के आदर्श हमें समाज के प्रत्येक वर्ग का सम्मान करने तथा सामाजिक समरसता और भाईचारे को बढ़ावा देने की प्रेरणा देते हैं। भारतीय जनता पार्टी महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके आदर्शों के अनुरूप समाज निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष झनक लाल साहू एवं राजू चंद्राकर, पार्षद पवन पटेल, हरबंस सिंह ढिल्लों, पीयूष साहू, सुनैना, पप्पू ठाकुर, माखन पटेल, सीता टांडेकर, भारती चंद्राकर, माधुरी यादव, एल्डरमैन मोहन साहू, प्रभात साहू, हनीश बग्गा, लाल विजय सिंह, मधु यादव, महेंद्र जैन, आईटी सेल प्रभारी शरद मराठा, सोनाधार सोनवानी, मैना कोसले, रेखा बहरा, गीतिका सोनी, नेहरू बघेल, धनीराम यादव दशरथ अजगले, खिलावन यादव आदि मौजूद रहे।

विमल बने भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के ओडिशा प्रदेश प्रभारी

नर्रा। भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय से मान्यता प्राप्त अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ल ने संगठन के राष्ट्रीय सचिव रायपुर निवासी विमल चंद डागा को ओडिशा प्रदेश का संगठन प्रभारी नियुक्त किया है। यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर विमल डागा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा, प्रदेश के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के सहयोग से राज्य स्तर से लेकर गांव-गांव तक उपभोक्ता आंदोलन को सशक्त किया जाएगा। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। विमल की नियुक्ति पर संगठन के ओडिशा प्रदेश अध्यक्ष (खरियार रोड निवासी) राकेश शर्मा ने हर्ष जताया है। प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा, नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी के कुशल मार्गदर्शन एवं सांगठनिक अनुभव से ओडिशा में संगठन का तेजी से विस्तार होगा।





वार्ड 26 में सामुदायिक भवन निर्माण का नपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

महासमुंद। शहर के वार्ड क्रमांक 26 पंचशील क्लब स्थित आंगनबाड़ी के समीप सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड पार्षद पीयूष साहू के साथ विधि-विधान से किया। इस अवसर पर नगर पालिका के सभापति और पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भूमिपूजन के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि सामुदायिक भवन केवल एक भवन नहीं बल्कि सामाजिक एकता और जनसुविधा का केंद्र होता है। वार्ड में सामाजिक कार्यक्रम, बैठक, महिला समूहों के कार्य और सुख-दुख के आयोजनों के लिए एक सुविधाजनक स्थान की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इस मांग को ध्यान में रखते हुए सामुदायिक भवन की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का लक्ष्य है कि हर वार्ड में बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ ऐसे सार्वजनिक भवन बनें जो सभी वर्गों के लिए उपयोगी हों। निर्माण कार्य में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। वार्ड पार्षद पीयूष साहू ने भी वार्डवासियों को बधाई देते हुए कहा कि इस भवन के बनने से वार्डवासियों को बड़ी सुविधा मिलेगी।



भूमिपूजन अवसर पर नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सभापति जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा, सीता तोंडेकर, नीरज चंद्राकर, चंद्रशेखर बेलदार, धनेश्वरी सोनवानी, सुनैना ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि हफीज कुरैशी, एल्डरमैन लालविजय सिंह देव, मधु यदु, हनिश बग्गा सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुधा रात्रे, सहायिका अहिल्या मरकाम और वार्ड की महिलाएं उपस्थित रहीं।

खोजी दल ने की 100 से अधिक औषधीय पौधों की पहचान

महासमुंद। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की पहल पर इस बार औषधीय पौधों की खोजयात्रा का कार्यक्रम भोथा, टेंगराही हाथीबाहरा के जंगल में हुई। शुक्रवार 23 अक्टूबर से शुरू हो कर 25 अक्टूबर तक चली इस यात्रा में 65 से अधिक वैद्यों, वनस्पति वैज्ञानिकों, आयुर्वेद चिकित्सकों, कृषि वैज्ञानिकों, स्कूल, कालेज और यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स, ग्रामीणों और विज्ञान कार्यकर्ताओं ने हिस्सेदारी की। इस खोज यात्रा के दौरान अमलतास से लेकर गुड़सुखरी, शतावर, सफेद मूसली, काली मूसली, द्रोणपुष्पी, भालू ककई, छोटा गोखरू, खड़हार - सरिवान, कृष्णशारिवा, नागबला, मरोड़ फली, बला- अतिबला, रोहिणा हसिया, डाफर, अमलतास, भीरहा, बेहड़ा, आंवला, सलेहा, इंद्रायण,कुल्लू, गलगला, सालपर्णी, कृष्णपर्नी, हलदु, सफेद मूसली काली मूसली, कस्तूरी भिंडी, जलजमनी, कुटज, सफेद भूलन आदि सौ से अधिक औषधीय पौधों की पहचान की।



इस खोज यात्रा के नेतृत्वकर्ताओं में छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष रिटायर्ड अपर कलेक्टर विश्वास मेश्राम, अंचल के प्रसिद्ध टेक्सोनॉमिस्ट दिनेश कुमार, विज्ञान सभा के ज्वाइंट सेक्रेटरी रतन गोंडाने, कोषाध्यक्ष एवं शिक्षाविद् अंजू मेश्राम, ग्राम हाथीबाहरा के वैद्य चमार राय नेताम, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के जूलॉजिस्ट डॉ एच एन टंडन, इतिहासकार और कसेकेरा मिडिल स्कूल के प्रधान अध्यापक डॉ विजय शर्मा, आयुर्वेदिक कॉलेज बिलासपुर के प्रोफ़ेसर विवेक दुबे, कोरबा से आए वैद्य अर्जुन लाल श्रीवास, राजस्थान से आए वैद्य महेंद्र कुमार सैनी, महाराष्ट्र से आए युवा विज्ञान कार्यकर्ता, सिविल इंजीनियरिंग स्टूडेंट रुचिका मेढ़ें तथा नोएल गेडाम, ग्राम भोथा के युवा विज्ञान कार्यकर्ता गीतेश साहू, वरिष्ठ इंजीनियर लक्ष्मीकांत अग्रवाल, हाथीबाहरा मिडिल स्कूल के प्रधान अध्यापक खेमचंद चक्रधारी, टेंगोपानी स्कूल के शिक्षक विजय जगत, बोटनिस्ट सर्वेश कौशिक, जगदलपुर बस्तर से आई प्राध्यापक मनीषा टाइगर, गरियाबंद की मनीषा टेकाम, ग्राम टेंगराही के जनपद सदस्य तुलाराम ठाकुर और वैद्य अमर सिंह ठाकुर ने किया। खोज यात्रा कार्यक्रम का संचालन डॉ विजय कुमार शर्मा ने किया और विज्ञान आश्रम कसेकेरा की संचालिका श्रीमति उषा मेश्राम द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

